# अध्याय - 6 जनसंख्या

## स्मरणीय तथ्य

- प्रति इकाई क्षेत्रफल में रहने वाले लोगों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।
- जनसंख्या वृद्धि की प्रक्रिया में जन्म दर, मृत्यु दर एवं प्रवास महत्वपूर्ण कारक हैं।
- प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या को लिंगानुपात कहते हैं। केरल में प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 1084 है।
- 2011 की जनगणना के अनुसार एक व्यक्ति जिसकी आयु 7 वर्ष या उससे अधिक है किसी भी भाषा में समझ कर लिख या पढ़ सकता है उसे साक्षर की श्रेणी में रखा जाता है।
- व्यावसायिक संरचना के आधार पर जनसंख्या को तीन भागों में वर्गीकृत किया गया है प्राथमिक क्षेत्र द्वितीयक क्षेत्र तथा तृतीयक क्षेत्र।
- भारत सरकार ने 1952 में एक व्यापक परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रारंभ किया।
- जनसंख्या वृद्धि के अंतर्गत लोगों का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में चले जाने को प्रवास कहा जाता है।
- 1 वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है उसे 'जन्म दर' कहते हैं।
- 1 वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में मरने वालों की संख्या को 'मृत्यु दर' कहा जाता है।
- 2011 की जनगणना के अनुसार देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश है।
- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य बिहार है।
- भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल स्थलीय भूभाग का 2.4% है।
- भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर है।
- उत्तर प्रदेश में देश की आबादी का कुल 16% निवास करता है।
- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रतिवर्ग किलोमीटर है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 2011 तक भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत थी?**

a. 17.5 b. 18.5
c. 16.5 d. 19.5

**2. 2011 तक भारत की कुल जनसंख्या कितनी थी?**

a. 13.7 करोड़ b. 12.1 करोड़
c. 15.1 करोड़ d. 16.5 करोड़

**3. भारत का कुल क्षेत्रफल कितना है?**

a. 30.8 लाख कि मी b. 32.8 लाख वर्ग किमी
c. 35 लाख वर्ग किमी d. 35 लाख वर्ग किमी

**4. भारत विश्व के कुल स्थलीय भूभाग का कितना प्रतिशत है?**

a. 2.4 b. 3.4
c. 5.4 d. 6.4

**5. 2011 की जनगणना के अनुसार देश की सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है?**

a. मध्य प्रदेश b. उत्तर प्रदेश
c. अरुणाचल प्रदेश d. बिहार

**6. 2011 के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या कितनी थी?**

a. 1990 लाख b. 1890 लाख
c. 2020 लाख d. 2400 लाख

**7. उत्तर प्रदेश में देश की कुल आबादी की कितनी प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है,?**

a. 18% b. 20%
c. 16% d 21%

**8. वर्ष 2011 के अनुसार सिक्किम की कुल आबादी कितनी है?**

a. 8 लाख b. 10 लाख
c. 7 लाख d. 6 लाख

**9. वर्ष 2011 के अनुसार लक्षद्वीप में कुल कितनी आबादी निवास करती है?**

a. 64,429 हजार b. 56,990 हजार
c. 60,000 हजार d. 88,980 हजार

**10. 2011 की जनगणना के अनुसार क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन सा ?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) पश्चिम बंगाल (d) राजस्थान

**11. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत जनसंख्या राजस्थान में निवास करती है?**

a. 6% b. 7%
c. 6.8% d. 5.5%

**12. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का कुल जनसंख्या घनत्व कितना है?**

a. 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
b. 448 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
c. 525 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
d. 350 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

**13. 2011 की जनगणना के अनुसार झारखण्ड का जनसंख्या घनत्व कितना था?**

a. 1200 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

b. 1313 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

c. 1715 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

d. 414 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

**14. 2011 की जनगणना के अनुसार अरुणाचल प्रदेश का जनसंख्या घनत्व कितना है?**

a. 17 व्यक्ति प्रतिवर्ग किलोमीटर

b. 20 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

c. 38 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

d. 5 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

**15. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सबसे ज्यादा जनसंख्या घनत्व के किस राज्य का है?**

a. तमिलनाडु b. आंध्र प्रदेश

c. उत्तर प्रदेश d. बिहार

**16. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्न में से किस राज्य में जनसंख्या घनत्व 250 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर से कम है**

a. बिहार b. पश्चिम बंगाल

c. तमिलनाडु d. राजस्थान

**17. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 1001 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी से अधिक जनसंख्या घनत्व वाले दो राज्य कौन से हैं?**

a. बिहार एवं पश्चिम बंगाल

b. झारखंड एवं उत्तर प्रदेश

c. मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़

d. केरल एवं कर्नाटक

**18. कुछ राज्यों में जनसंख्या कम होने के निम्न में से क्या कारण है**

a. पथरीले विभाग भू भाग b. मध्यम से कम वर्षा

c. कम उपजाऊ मिट्टी d. उपर्युक्त सभी।

**19. देश के कुछ भागों में जनसंख्या घनत्व अधिक होने का क्या कारण है?**

a. समतल एवं उपजाऊ मैदान

b. पर्याप्त मात्रा में वर्षा

c. अच्छी जलवायु परिस्थितियां

d. उपरोक्त में सभी

**21. निम्न में से किस राज्य मे जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है?**

a. असम b. मेघालय

c. बिहार d. मणिपुर

**21. इनमें से किस राज्य में जनसंख्या घनत्व सबसे कम है?**

a. उत्तर प्रदेश b. पश्चिम बंगाल

c. बिहार d. जम्मू और कश्मीर

**22. निम्न में से सबसे सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम बताएं**

a. पंजाब b. हरियाणा

c. तमिलनाडु d. बिहार

**23. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लिंगानुपात किस राज्य में सर्वाधिक है?**

a. केरल b. कर्नाटक

c. गोवा d. मणिपुर

**24. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश की साक्षरता दर कितनी है?**

a. 75% b. 80%

c. 73% d. 83%

**25. वर्ष 2011 के अनुसार पुरुष साक्षरता का प्रतिशत कितना प्रतिशत है?**

a. 80.9 प्रतिशत b. 90 प्रतिशत

c. 70 प्रतिशत d. 90.9 प्रतिशत

**26. निम्न में से कौन सी आर्थिक क्रिया प्राथमिक क्षेत्र में सम्मिलित नहीं है?**

a. कृषि b. पशुपालन

c. खनन d. संचार

**27. निम्न में से कौन सी आर्थिक क्रिया तृतीयक क्षेत्र में सम्मिलित नहीं है?**

a. संचार b. वाणिज्य

c. परिवहन d. उद्योग

**28. निम्न में से कौन सी आर्थिक क्रिया द्वितीयक क्षेत्र में सम्मिलित है?**

a. संचार b. परिवहन

c. कृषि d. भवन एवं निर्माण कार्य

**29. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंगानुपात कितना है?**

a. 943 b. 950

c. 920 d. 1028

**30. निम्न में से कौन सी आर्थिक क्रिया प्राथमिक क्षेत्र में सम्मिलित है?**

a. उद्योग b. भवन निर्माण

c. संचार d. खनन

**31. भारत में उत्तर प्रदेश के पश्चात् सर्वाधिक जनसंख्या वाला दूसरा राज्य कौन सा है?**

a. महाराष्ट्र b. उत्तराखण्ड

c. मध्यप्रदेश भारत में d. इनमें से कोई नही

**32. सर्वाधिक आबादी वाले राज्यों में निम्न में से कौन है?**

a. उत्तरप्रदेश b. महाराष्ट्र

c. बिहार d. उपर्युक्त सभी।

**33. बांग्लादेश का जनसंख्या घनत्व कितना है?**

a. 1.26 प्रति हजार किमी

b. 2.1 प्रति हजार वर्ग किमी

c. 3.2. प्रति हजार वर्ग किमी

d. 3.5 प्रति हजार वर्ग किमी।

**34. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम आबादी भारत वाला राज्य कौन सा है?**

a. सिक्किम  b. उत्तर प्रदेश
c. मेघालय  d. इनमें से कोई नह

**35. निम्न में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व प्रति वर्ग किमी सबसे कम है?**

a. पंजाब  b. चंडीगढ़
c. हरियाणा  d. जम्मू और कश्मीर

**36. निम्न में से किस वर्ष भारत में पहली बार संपूर्ण जनगणना की गई ?**

a. 1879  b. 1872
c. 1881  d. 1870

**37. किसी देश की पहले की जनसंख्या से वर्तमान की जनसंख्या के आंकड़ों को घटाकर प्राप्त किया जा सकता है-**

a. जनसंख्या में निरपेक्ष विधि
b. जनसंख्या में सापेक्ष विधि
c. प्रवास
d. इनमें से कोई नहीं।

**38. भारत में जनगणना कितने वर्षों पर की जाती है?**

a. 10 वर्षों पर  b. 20 वर्षों पर
c. 15 वर्षों पर  d. इनमें से कोई नहीं।

**39. प्रतिवर्ष जनसंख्या में प्रतिशत परिवर्तन की गणना को कहा जाता है-**

a. निरपेक्ष विधि  b. वार्षिक वृद्धि दर
c. सापेक्ष वृद्धि दर  d. इनमें से कोई नहीं।

**40. वर्तमान में सर्वाधिक आबादी वाला देश कौन सा है?**

a. भारत  b. चीन
c. जापान  d. इनमें से कोई नहीं।

**41. 1 वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है उसे कहते हैं -**

a. मृत्यु दर  b. जन्म दर
c. जनसंख्या में वृद्धि  d. इनमें से कोई नहीं।

**42. एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में मरने वालों की संख्या को कहा जाता है-**

a. मृत्यु दर
b. जन्म दर
c. जनसंख्या में वार्षिक वृद्धि दर
d. इनमें से कोई नहीं।

**43. भारत में जनसंख्या में वृद्धि का मुख्य कारण निम्न में से क्या है?**

a. जन्म दर में तेजी से आई कमी
b. मृत्यु दर में तेज गिरावट
c. विकल्प a. तथा b. दोनों
d. इनमें से कोई नहीं।

**44. जनसंख्या में परिवर्तन का प्रमुख कारण क्या है?**

a. आंतरिक प्रवास  b. अंतर्राष्ट्रीय प्रवास
c. विकल्प a.तथा b.दोनों  d. इनमें से कोई नहीं।

**45. 2011 के जनगणना अनुसार भारत की कुल नगरीय जनसंख्या कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?**

a. 31.80%  b. 25%
c. 40%  d. 41.80%

**46. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों की संख्या कितनी है?**

a. 35  b. 38
c. 53  d. 70

**47. देश में आंतरिक प्रवास के परिवर्तन के फलस्वरुप निम्न में से क्या परिवर्तन दृष्टिगोचर हुए हैं ?**

a. देश की आबादी के उम्र तथा लिंग की दृष्टिकोण से जनसंख्या की संरचना में परिवर्तन
b. शहरों तथा ग्रामीण आबादी की जनसंख्या में परिवर्तन
c. 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों की संख्या में बढ़ोतरी
d. उपर्युक्त सभी।

**48. किसी देश की आबादी के सामाजिक एवं आर्थिक ढांचे के निर्धारण हेतु उस जनसंख्या को सामान्यत: कितनी श्रेणियां में बांटा जाता है ?**

a तीन  b. दो
c. पांच  d. चार

**49. केरल में प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या कितनी है?**

a. 1084  b. 1000
c. 2084  d. 1050

**50. 2011 की जनगणना के अनुसार पुडुचेरी में लिंगानुपात कितना है?**

a. 1038  b. 1084
c. 1050  d. 877

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. a | 2. b | 3. b | 4. a |
| 1. a | 2. b | 3. b | 4. a |
| 5. b | 6. a | 7. c | 8. d |
| 9. a | 10. d | 11. d | 12. a |
| 13. d | 14. a | 15. d | 16. d |
| 17. a | 18. d | 19. d | 20. c |
| 21. d | 22. d | 23. a | 24. c |
| 25. a | 26. d | 27. d | 28. d |
| 29. a | 30. d | 31. a | 32. d |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33. a | 34. a | 35. d | 36. c |
| 37. a | 38. a | 39. b | 40. a |
| 41. b | 42. a | 43. c | 44. c |
| 45. a | 46. c | 47. d | 48. a |
| 49. a | 50. a | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** प्रति इकाई क्षेत्रफल में रहने वाले लोगों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

**2. उत्तरी भारत में अधिक जनसंख्या वाले तीन राज्यों के नाम बताएं?**

**उत्तर-** बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश।

**3. जनसंख्या में निरपेक्ष वृद्धि दर का क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर-** पहले की जनसंख्या को बाद की जनसंख्या में घटाकर जनसंख्या में निरपेक्ष वृद्धि दर को प्राप्त किया जा सकता है।

**4. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का क्षेत्रफल विश्व के स्थल भूभाग का कितना प्रतिशत है?**

**उत्तर-** भारत विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.4% है।

**5. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सर्वाधिक आबादी वाला राज्य कौन सा है?**

**उत्तर-** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश भारत की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है।

**6. वर्ष 2011 के अनुसार भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन है?**

**उत्तर-** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार भारत का सर्वाधिक घनत्व वाला राज्य है।

**7. साल 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है?**

**उत्तर-** साल 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनघनत्व 382 व्यक्ति प्रतिवर्ग किलोमीटर है।

**8. लिंगानुपात का क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर-** एक वर्ष में प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की कुल संख्या को लिंगानुपात कहा जाता है।

**9. व्यावसायिक संरचना के अंतर्गत प्राथमिक व्यवसाय में कौन-कौन सी आर्थिक क्रियाएं आती हैं?**

**उत्तर-** कृषि, पशुपालन, वृक्षारोपण, खनन और मछली पालन प्राथमिक क्षेत्र में सम्मिलित हैं।

**10. व्यवसायिक संरचना के अंतर्गत तृतीय क्षेत्र में कौन-कौन से व्यवसाय आते हैं?**

**उत्तर-** परिवहन, संचार, वाणिज्य, प्रशासन, डाक सेवाएं और बैंक इत्यादि।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. स्वस्थ जनसंख्या किसी भी देश के लिए कैसे लाभकारी है?**

**उत्तर-** एक शिक्षित एवं स्वस्थ जनसंख्या ही किसी देश को कार्य क्षमता की शक्ति प्रदान करती है। किसी भी देश के नागरिकों का संक्रामक बीमारियों से ग्रसित होना, कुपोषण और खराब स्वास्थ्य देश के विकास के लिए अवरोधक होता है। आज भी भारत में शुद्ध पेयजल भोजन तथा मूल स्वास्थ्य रक्षा सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में सिर्फ एक तिहाई लोगों को उपलब्ध है। प्रति व्यक्ति कैलोरी की कम खपत हमारे देश की जनसंख्या के बड़े भाग को कुपोषण से प्रभावित किए हुए है। रक्तहीनता और पोषण संबंधी कई समस्याओं से जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा ग्रसित है। किसी देश की जनसंख्या का अस्वस्थ होना देश के कार्य क्षमता को बुरे तौर पर प्रभावित करता है। जिससे किसी भी देश की प्रगति का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है।

**2. साक्षरता दर देश की जनसंख्या के लिए कैसे महत्वपूर्ण है?**

**उत्तर-** साक्षरता दर देश के आर्थिक विकास की गति को प्रभावित करती है। साक्षरता किसी देश की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण गुण है। एक शिक्षित और जागरूक नागरिक ही बुद्धिमता पूर्ण निर्णय ले सकते हैं। साथ ही देश के लिए शोध और विकास के कार्य का संपादन साक्षर जनसंख्या ही कर सकती है। भारत के साक्षरता दर में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है 2011 की जनगणना के अनुसार देश की कुल साक्षरता दर 73% है। जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 80.9 प्रतिशत एवं महिलाओं की साक्षरता दर 64.6% है।

**3. देश की व्यावसायिक संरचना के अंतर्गत प्राथमिक क्षेत्र की चर्चा करें।**

**उत्तर-** आर्थिक रूप से क्रियाशील जनसंख्या को व्यवसाय के आधार पर तीन क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है। जिसमें प्राथमिक क्षेत्र महत्वपूर्ण है। प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत प्रकृति से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए व्यवसाय, जैसे- कृषि, पशुपालन, वृक्षारोपण, मछली पालन, खनन, रेशम कीट पालन, कुकुट पालन इत्यादि आर्थिक क्रियाएं सम्मिलित हैं। भारत की कुल जनसंख्या का 64% भाग प्राथमिक क्षेत्र में संलग्न है।

**4. किसी क्षेत्र में जन घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की चर्चा करें।**

**उत्तर-** पहाड़ी इलाका, छोटे-छोटे एवं पथरीले भूभाग, मध्यम से कम वर्षा, छिछली एवं कम उपजाऊ मिट्टी इत्यादि किसी भी क्षेत्र विशेष के जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारक हैं। प्रतिकूल जलवायु अवस्थाएं एवं पर्वतीय क्षेत्रों में भी जनसंख्या घनत्व तो काफी कम पाया जाता है।

**5. किसी क्षेत्र में जन घनत्व की अधिकता के क्या कारण हो सकते हैं?**

**उत्तर-** जन घनत्व की अधिकता के कारणों में समतल मैदान, उपजाऊ मिट्टी, पर्याप्त मात्रा में वर्षा, अनुकूल जलवायवी परिस्थितियां इत्यादि महत्वपूर्ण हैं।

इसके अलावा किसी देश में जन्म दर की अधिकता, मृत्यु दर में कमी एवं आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय प्रवास की अधिकता के

कारणों से भी जन घनत्व और जनसंख्या वृद्धि के दर में तेजी से वृद्धि होती है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन की प्रक्रिया की चर्चा करें।**

**उत्तर-** जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन की तीन प्रक्रियाएं - (a) जन्म दर (b) मृत्यु दर एवं (c) प्रवास हैं।

(a) **जन्म दर -** एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है उसे 'जन्म दर' कहते हैं। जन्म दर मृत्यु दर से अधिक रहने पर जनसंख्या में वृद्धि होती है।

(b) **मृत्यु दर -** एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में मरने वालों की संख्या को 'मृत्यु दर' कहा जाता है। मृत्यु दर में गिरावट की स्थिति में जनसंख्या में वृद्धि होती है।

(C) **प्रवास -** जनसंख्या में परिवर्तन का तीसरा घटक है प्रवास। लोगों का एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में रहने के लिए चले जाने को प्रवास कहते हैं। प्रवास दो प्रकार के होते हैं–

आंतरिक प्रवास और अंतरराष्ट्रीय प्रवास । जब देश के भीतर ही जनसंख्या के वितरण में परिवर्तन आता है अर्थात जनसंख्या एक ही देश के अंदर एक स्थान से दूसरे स्थान पर निवास करने लगती है तो इसे आंतरिक प्रवास कहते हैं। वहीं अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के अंतर्गत दो देशों के बीच जनसंख्या एक देश से दूसरे देश में जाकर निवास करने लगती है।

**2. जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** व्यवसाय के अनुसार किए गए जनसंख्या के वितरण को व्यावसायिक संरचना कहा जाता है व्यवसाय को सामान्यत: प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र में वर्गीकृत किया जाता है।

**प्राथमिक क्षेत्र -** इसमें प्रकृति से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए व्यवसाय आते हैं। जो अन्य उद्यमों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति करते हैं। प्राथमिक व्यवसाय के अंतर्गत कृषि, पशुपालन, वृक्षारोपण, मछली पालन तथा खनन इत्यादि क्रियाएं सम्मिलित होती हैं।

**द्वितीयक क्षेत्र -** इसके अंतर्गत वस्तुओं का उत्पादन होता है। इसी कारण द्वितीयक क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र या विनिर्माण क्षेत्र भी कहा जाता है। द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग, भवन निर्माण इत्यादि कार्य आते हैं।

**तृतीयक क्षेत्र -** तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत सम्मिलित व्यवसाय प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन का कार्य तो नहीं करते लेकिन यह प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्र में किए जाने वाले व्यवसायों को गति प्रदान करते हैं । इसी के कारण इसे सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है। इस क्षेत्र के अंतर्गत- संचार, वाणिज्य, प्रशासन, परिवहन, बैंकिंग एवं डाक सेवाएं इत्यादि सम्मिलित हैं।

**3. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अंतर्गत किशोरों के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं?**

**उत्तर-** राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अंतर्गत किशोर पर विशेष ध्यान दिया गया है। किशोर की पोषण संबंधी आवश्यकताओं, अवांछित गर्भधारण और असुरक्षित यौन संबंधों से होने वाली बीमारियों किशोर और किशोरियों की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके अंतर्गत ऐसे कार्यक्रम चलाए गए हैं जिनका उद्देश्य देर से विवाह और देर से संतान उत्पत्ति को प्रोत्साहित करना है। देश में राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अंतर्गत असुरक्षित यौन संबंधों के कु-प्रभावों के बारे में किशोर तथा किशोरियों को शिक्षित करना है। साथ ही गर्भनिरोधक सेवाओं के उपयोग, खाद्य एवं संपूरक पोषण सेवाएं उपलब्ध करवाना है। बाल विवाह जैसे समस्याओं के लिए सुदृढ़ कानून बनाने का भी प्रावधान है।